



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**जनवरी/2022**

***अन्दर के पृष्ठों पर........***

- **उपलब्धियाँ**
- **सराहनीय कार्य**
- **आगामी गतिविधियाँ**
- **कल्याणकारी कार्य**

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

### सन्देश



वर्ष–2021 में कोविड–19 के विभिन्न वैरियेण्ट्स की विभीषिका ने पूरे विश्व में कहर बरपाया। अनेक प्रतिभावान व्यक्तित्व असमय ही कालकवलित हो गये। जीवित जनमानस ने ऐसी सर्वव्यापक भयावहता एवं संकट को अपने जीवनकाल में नहीं देखा था। भारतीय जनमानस ने इस संकट का डटकर सामना किया। इस अभूतपूर्व संकट से बाहर आने में चिकित्सा सेवा एवं पुलिस बल के सदस्यों की भूमिका की सर्वत्र सराहना हुई। भारतीयों ने महामारी से बचाव के लिये सरकार के टीकाकरण अभियान में बढ़–चढ़कर भाग लिया। टीकाकरण ने महामारी से लोगों का बचाव किया और भारत सम्पूर्ण विश्व में सबसे कम मृत्यु दर से इस संकट से उबरा। उत्तर प्रदेश पुलिस ने संकट के इस दौर में जनमानस के प्रति अभूतपूर्व सेवाभाव का परिचय देते हुए अपने कृतित्व से मानस पटल पर अविस्मरणीय छाप छोड़ी है।

यह अत्यंत गर्व, हर्ष एवं संतोष का विषय है कि पुलिस रेडियो कार्मिकों ने भी अपने निष्काम कर्म, सेवाभाव, लगन एवं कठिन परिश्रम से कोविड–19 संक्रमण की विषम परिस्थितियों में कोरोना कन्ट्रोल रुम, हॉट स्पॉट एरिया, जनपदीय क्वारेंटीन सेण्टर, जनपदीय कोविड अस्पताल, लॉकडाउन के दौरान रेलवे द्वारा संचालित विशेष श्रमिक रेलों/विशेष बसों के सुगम संचालन इत्यादि के सम्बन्ध में अतिसंवेदनशील व दूरस्थ स्थानों तक जाकर अतिरिक्त वायरलेस केन्द्रों एवं सीसीटीवी का अधिष्ठापन तो किया ही, साथ ही ऑक्सीजन रेल/टैंकर्स को सेफ पैसेज सुनिश्चित किये तथा स्थानीय प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर ड्यूटियाँ भी सम्पादित कीं। वर्ष 2021 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भी सकुशल सम्पन्न कराये गये। यह कार्य विभाग में विद्यमान रिक्तियों के बावजूद उपलब्ध कर्मियों द्वारा कर्मठता एवं कौशल के बल पर पूर्ण किये गये हैं जिसके लिये सभी अधिकारी/कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। कोविड के नये वैरियेण्ट ओमीक्रान का संक्रमण फैल रहा है, इसलिए सभी को पूर्ण सजगता एवं सतर्कता कायम रखते हुए कार्यों को गति देना है और आगामी चुनौतियों के लिये तैयार रहना है।

वर्ष–2021 में उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो ने अपने कार्मिकों की कार्यकुशलता हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों का निरन्तर संचालन किया। पुलिस संचार के क्षेत्र में डिज़ीटल तकनीक को अपनाने में भी सभी ने अपना योगदान दिया है। आशा है कि वर्ष 2022 में सीधी भर्ती द्वारा विभाग को नये एवं ऊर्जावान सहयोगी प्राप्त होंगे।

नव वर्ष–2022 के अवसर पर मैं, सभी को नव वर्ष की शुभकामनायें प्रेषित करते हुए आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन व सौंपे गये कार्यों को पूर्ण दक्षता एवं कुशलता से निष्पादित करने का आवाहन करता हूँ। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि वर्ष–2022 में भी बल का प्रत्येक सदस्य इस संगठन को नई ऊँचाईयों पर ले जाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण से कार्य करेगा।

(सुनील कुमार गुप्ता)
अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0

## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विध्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार | |
| 28.12.2021 | कानपुर नगर |
| 23.12.2021 | वाराणसी |
| 21.12.2021 | प्रयागराज |
| 18.12.2021 | शाहजहाँपुर, बरेली |
| 13–14.12.2021 | वाराणसी |
| 11.12.2021 | बलरामपुर |
| 10.12.2021 | आगरा |
| 08.12.2021 | मथुरा |
| 07.12.2021 | गोरखपुर |
| मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश | |
| 29.12.2021 | कानुपर नगर, अमरोहा |
| 28.12.2021 | कानपुर नगर |
| 27.12.2021 | बदायूँ |
| 25.12.2021 | आगरा, गाजियाबाद |
| 23.12.2021 | मुजफ्फरनगर |
| 22.12.2021 | आगरा, मेरठ |
| 21.12.2021 | आगरा |
| 19.12.2021 | आगरा |
| 15.12.2021 | गोरखपुर |
| 14.12.2021 | गोरखपुर, वाराणसी |
| 13.12.2021 | वाराणसी |
| 07.12.2021 | गोरखपुर |
| मा0 राज्यपाल, केरल | |
| 12.12.2021 | बागपत |
| मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 29–30.12.2021 | गोरखपुर |
| 28.12.2021 | कानपुर नगर |
| 27.12.2021 | सीतापुर |
| 26.12.2021 | प्रयागराज, कौशाम्बी |
| 23.12.2021 | वाराणसी |
| 22.12.2021 | सोनभद्र |
| 21.12.2021 | प्रयागराज |
| 20.12.2021 | जौनपुर, गोरखपुर, वाराणसी |
| 19.12.2021 | मथुरा, गोरखपुर |
| 18.12.2021 | बरेली, शाहजहाँपुर, प्रयागराज |
| 13–14–17.12.2021 | वाराणसी |
| 12.12.2021 | बागपत, वाराणसी, एटा |
| 11.12.2021 | बलरामपुर |
| 10.12.2021 | गाज़ियाबाद, गोरखपुर |
| 09.12.2021 | गोरखपुर |
| 08.12.2021 | मथुरा |
| , 07.12.2021 | गोरखपुर |
| 06.12.2021 | गोरखपुर, आजमगढ़ |
| 05.12.2021 | चन्दौली, वाराणसी |
| 03–04.12.2021 | गोरखपुर |
| 02.12.2021 | सहारनपुर |
| मा0 मुख्य मंत्री, मध्य प्रदेश | |
| 19.12.2021 | बलिया |
| मा0 मुख्य मंत्री, हरियाणा | |
| 12.12.2021 | बागपत |

- निम्न मेला/जूलूस/पर्व पर निर्विध्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| 04–05.12.2021 | अमावस्या मेला, चित्रकूट |
| 14–17.12.2021 | सिमौनी मेला, बांदा |

## पुलिस मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ के आदेश संख्याः डीजी–।।/ए–56(ए.आर.ओ.स्था.)/2020 दिनांक 06.12.2021 द्वारा श्री अशोक कुमार मिश्रा, सहायक रेडियो अधिकारी, गोण्डा को तत्काल प्रभाव से सहायक रेडियो अधिकारी, उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय, महानगर, लखनऊ हेतु स्थानान्तरित किया गया है।

- अपर पुलिस अधीक्षक/जनसम्पर्क अधिकारी, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांकः डीजी–13–पं0गोविन्द पंत योजना/2021–22 दिनांक 10.12.2021 द्वारा पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो द्वारा न्यायालयिक विज्ञान, कारागार पुलिस प्रशिक्षण, पुलिस प्रशासन, पुलिस अन्वेषण, अंगुलिछाप, अपराध शाखा तथा पुलिस से सम्बन्धित अन्य विषयों पर हिन्दी में उत्कृष्ट लेखन को बढ़ावा देने के लिये प्रचलित "पंडित गोविन्द वल्लभ पन्त पुरस्कार" योजना की सूचना प्रचारित कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

## पुलिस रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

### पदोन्नति

- उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के आदेश संख्याः पी–755/2021 दिनांक 22.12.2021 द्वारा निम्न 67 प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक यॉत्रिक को रेडियो उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है– 1. 3524/बचान सिंह तोमर, 38वीं वाहिनी, 2. 3085/मोहम्मद रऊफ, झांसी, 3. 3453/जसवंत मौर्या, जौनपुर, 4. 3455/राम सुभग प्रसाद, मुरादाबाद, 5. 4509/गरिमा, रेडियो मुख्यालय, 6. 1714/आशीष गुप्त, बहराईच, 7. 1553/अनिल दत्त वर्मा, रेडियो मुख्यालय, 8. 1514/संतोष कुमार दुबे, रेडियो मुख्यालय, 9. 4504/रीना पाण्डेय, रेडियो मुख्यालय, 10. 779/सुरेन्द्र सिंह, चित्रकूट, 11. 1373/राजेश कुमार शर्मा, चंदौली, 12. 1838/गोविन्द नारायण, लखनऊ, 13. 1057/चंद्र देव तिवारी, अम्बेडकरनगर, 14. 171/अरविन्द कुमार, मुजफ्फरनगर, 15. 771/संजय कुमार मल्ल, गोरखपुर, 16. 847/प्रकाश चन्द्र रंजन, कन्नौज, 17. 571/दिलीप कुमार, कौशाम्बी, 18. 1697/सतीश चन्द्र तिवारी, रेडियो मुख्यालय, 19. 3407/नवनीत कुमार राठौर, आगरा, 20. 2513/शशिकान्त राव, रेडियो मुख्यालय, 21. 1491/तौकीर आलम, रेडियो मुख्यालय, 22. 969/अरविन्द कुमार हरित, गाजियाबाद, 23. 1256/राजेश शर्मा, बरेली, 24. 1045/रंजन प्रसाद, वाराणसी 25. 1054/श्रीराम, उन्नाव 26. 1526/राकेश कुमार, बदायूँ, 27. 918/सत्तन यादव, गोरखपुर, 28. 1657/भगवान बक्श सिंह, लखनऊ, 29. 1217/ज्ञानेन्द्र सिंह, फतेहपुर, 30. 963/बृजेश कुमार शर्मा, हापुड़, 31. 293/ओम प्रकाश दुबे, प्रयागराज, 32. 946/अनवर मेंहदी रिजवी, कुशीनगर, 33. 991/गिरिराज सिंह, रेडियो मुख्यालय, 34. 1161/नीरज कुमार पाण्डेय, सीतापुर, 35. 1203/देवेन्द्र कुमार, रेडियो मुख्यालय, 36. 1477/ऋषिराज सिंह, सीतापुर, 37. 984/वीरेन्द्र मिश्र, प्रतापगढ़, 38. 1220/वेद प्रकाश द्विवेदी, लखनऊ, 39. 400/कसीम अहमद, मऊ, 40. 575/निसार अहमद, रेडियो मुख्यालय, 41. 1135/अरविन्द कुमार सिंह, 11वीं वाहिनी, 42. 1582/राजेश कुमार तिवारी, लखनऊ, 43. 1895/राजीव त्यागी, मेरठ, 44. 1012/देवमणि तिवारी, रेडियो मुख्यालय, 45. 1484/सुजान खान, हमीरपुर, 46. 1134/विनोद कुमार गुप्ता, झांसी, 47. 1167/उमेश चन्द्र शर्मा, हाथरस, 48. 752/संजय त्रिपाठी, 10वीं वाहिनी, 49. 1471/आलोक कुमार सिंह, रेडियो मुख्यालय, 50. 1188/प्रमोद कुमार सिन्हा, प्रयागराज, 51. 3311/संजय कुमार सिंह, रेडियो मुख्यालय, 52. 904/अजीत कुमार श्रीवास्तव, सुल्तानपुर, 53. 1431/अनुपम कुमार त्रिपाठी, श्रावस्ती, 54. 832/नवीन कुमार शुक्ला, रेडियो मुख्यालय, 55. 1869/मो0 मुनौव्वर, पीलीभीत, 56. 160/नवीन चन्द्र भट्ट, उन्नाव, 57. 931/राजीव चौहान, 28वीं वाहिनी, 58. 1246/सुबाष सिंह कुशवाहा, बलिया, 59. 258/राम बाबू सिंह, शाहजहॉपुर, 60. 1194/इकबाल अहमद सिद्दीकी, रेडियो मुख्यालय, 61. 1331/विनय कुमार शर्मा, वाराणसी, 62. 1178/सर्वेश प्रताप सिंह, रायबरेली, 63. 1228/विक्रम सिंह, गौतमबुद्धनगर, 64. 1329/सुरेश बहादुर सिंह, रेडियो मुख्यालय, 65. 119/महेन्द्र कुमार वर्मा, ललितपुर, 66. 1024/राज प्रकाश सिंह, रेडियो मुख्यालय, एवं 67. 975/जय प्रकाश, सुल्तानपुर।

## कल्याणकारी कार्य

- पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में दिसम्बर– 2021 में 233 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से दिसम्बर–2021 में सेवानिवृत्त (अधिवर्षता आयु पूर्ण कर/ऐच्छिक) हुए निम्न 22 कार्मिकों को ससम्मान विदाई दी गयी–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बृज भूषण सिंह, रेडियो मुख्यालय, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुखदेव प्रसाद शर्मा, गोरखपुर, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री गिरीश चन्द्र, मथुरा, 4. रेडियो उपनिरीक्षक,

श्री कृष्णेन्दु घोष, मिर्जापुर, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री इसरार अहमद, प्रयागराज, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री प्रदीप कुमार अवस्थी, सीतापुर, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अशोक कुमार, सहारनपुर, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अश्वनी कुमार सिंह, बस्ती, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री भूपेन्द्र पाल सिंह, मुरादाबाद, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कैलाश चन्द्र, अलीगढ़, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मेराजुल हसन, गोरखपुर, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री प्रदीप कुमार मिश्र, रेडियो मुख्यालय, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री परवेज़ ज़ैदी, रेडियो मुख्यालय, 14. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव, रेडियो मुख्यालय, 15. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विजय सिंह नीरज, मेरठ, 16. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री ओम प्रकाश सिंह, अम्बेडकर नगर, 17. प्रधान परिचालक/4022, श्री राम सिंह, बलरामपुर, 18. प्रधान परिचालक/5094, श्री राम कृष्ण मिश्र, अमेठी, 19. प्रधान परिचालक/3153, श्री धीरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, बलिया, 20. सन्देशवाहक, श्रीमती लक्ष्मी बराल, रेडियो मुख्यालय, 21. सन्देशवाहक, श्रीमती आशा वर्मा, 41वीं वाहिनी पीएसी, गाज़ियाबाद, एवं 22. सन्देशवाहक, श्री अशोक कुमार, प्रतापगढ़।

## कोविड-19 सम्बन्धित कार्यवाहियाँ

- कोविड–19 संक्रमण से बचाव के उपाय: पुलिस रेडियो कॉलोनी, महानगर, लखनऊ में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश नियंत्रित है। कॉलोनी के गेट पर ड्यूटी लगायी गयी है। मुख्यालय/ कॉलोनी के प्रवेश द्वारों पर प्रवेशकर्ताओं की डिस्टेंट थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है। मुख्यालय पर जनपदों से सेट जमा/ एकत्र/मरम्मत हेतु आने वाले वाहनों के सेनेटाइज़ेशन व चालकों की थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है।

## प्रशिक्षण

- पुलिस रेडियो कार्मिकों के व्यवसायिक ज्ञान एवं व्यवहारिक दक्षता में अभिवृद्धि तथा राजकीय कार्य में गुणवत्तापूर्ण योगदान हेतु, उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय से द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यशालायें, सप्ताह में 04 कार्य दिवसों में, प्रत्येक दिवस पर समय 1500 बजे से 1630 बजे तक दिनांक 07.12.2020 से आयोजित करायी जा रही हैं। दिनांक 22.11.2021 से 04 नये विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।
- प्रधान परिचालक से रेडियो उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति प्राप्त रेडियो उपनिरीक्षकों को रेडियो उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति के बाद इनके कार्य एवं दायित्वों के गुणवत्तापूर्ण निर्वहन हेत अल्प अवधि के विशेष प्रशिक्षण दिनांक 27.12.2021 से रेडियो मुख्यालय पर प्रारम्भ कराये गये। प्रशिक्षण हेतु ओजित 02 बैच में 95 रेडियो उप निरीक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

## पुलिस रेडियो ज़ोन के खिलाड़ियों का उ0प्र0 पुलिस ज़ोनल खेल प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन

- दिनांक 06.12.2021 से 09.12.2021 तक पुलिस कमिश्नरेट, लखनऊ में सम्पन्न 64वीं उ0प्र0 पुलिस वार्षिक वैज्ञानिक अनुसन्धान, पुलिस फोटोग्राफी, कम्प्यूटर, एण्टी सेबोटाज चेक, वीडियोग्राफी प्रतियोगिता–2021 में पुलिस रेडियो ज़ोन के खिलाड़ियों द्वारा कुल–7 पदक (01–स्वर्ण, 02–रजत एवं 04–कॉस्य) जीते गये जिनका विवरण निम्न है–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फोटोग्राफी | रजत | प्र.परि. विनीत कुमार शर्मा | अमरोहा |
| 2 | फोटोग्राफी | कॉस्य | ओपी दिलीप कुमार तिवारी | रे0 मुख्यालय |
| 3 | वीडियोग्राफी | रजत | प्र.परि. विनीत कुमार शर्मा | अमरोहा |
| 4 | कम्प्यूटर प्रति0–I | कॉस्य | प्र.परि.या. अजय कुमार सोनकर | रे0 मुख्यालय |
| 5 | कम्प्यूटर प्रति0–II | स्वर्ण | प्र.परि.या. अजय कुमार सोनकर | रे0 मुख्यालय |
| 6 | कम्प्यूटर प्रति0–III | कॉस्य | रे.उ.नि. राजेश कुमार श्रीवास्तव | रे0 मुख्यालय |
| 7 | | कॉस्य | प्र.परि.या. अजय कुमार सोनकर | रे0 मुख्यालय |

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा दिनांक 07.12.2020 से आयोजित की जा रही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यशालाओं द्वारा प्रथम 52 सप्ताह में चक्रीय क्रम में लाभान्वित होने वाले कार्मिकों की ज़ोनवार संख्या


| कार्यशाला के सप्ताह | अवधि | | जोन एवं लाभान्वित कार्मिकों की संख्या | | | | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | दिनांक से | दिनांक तक | आगरा | बरेली | गोरखपुर | कानपुर | लखनऊ | मेरठ | प्रयागराज | वाराणसी | |
| एक से बावन तक | 07.12.2020 | 05.12.2021 | 3441 | 3054 | 4382 | 4381 | 5466 | 4802 | 4160 | 3768 | 33454 |

## अपने प्रदेश एवं अधिष्ठान के बारे में जानें (भाग–5)

### स्वतंत्रता के बाद उत्तर प्रदेश में पुलिस संचार का विकास

- श्री ई0डब्ल्यू0 हण्ट के इग्लैण्ड जाने के बाद प्रभार मेजर चार्ल्स ग्रीग को सौंपा गया। मेजर चार्ल्स ग्रीग, पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सन् 1948 में उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो का मुख्यालय सीतापुर से लखनऊ लाया गया। लखनऊ में मुख्यालय दिलकुशा स्थित मिलिट्री जेल एवं बन्दी बैरकों, जिसे "गोरा जेल" के नाम से जाना जाता था, में खोला गया।
- तत्समय चकेरी एयरोड्रम, कानपुर एवं बक्शी का तालाब, लखनऊ में केनेबलाइज़ एवं स्क्रैप होकर बिकने के लिये आने वाले "डकोटा एयरक्राफ्ट" में लगे कमाण्ड सेट SCR 274, SCR 522, BC 375, BC 191 वायरलेस सेट नष्ट कर दिये जाते थे। इन सेट्स को एयरोड्रम के अधिकारियों से सम्पर्क करके प्राप्त किया गया तथा इन सेट्स को लखनऊ स्थित Military prison and detention barrack में स्थापित कर्मशाला में पुलिस रेडियो के कार्य योग्य बनाया गया। साथ ही इन वायरलेस सेट्स की मरम्मत हेतु कार्मिकों को इसी कर्मशाला में प्रशिक्षित किया गया। वायरलेस सेट्स की उपलब्धता से जनपदों में वायरलेस सेट अधिष्ठापन एवं संचालन का मार्ग प्रशस्त हुआ। यह सेट चम्बल घाटी के दस्यु उन्मूलन अभियानों में भी प्रयोग किये गये जिसके चमत्कारी परिणाम देखने को मिले।
- सन् 1950 से ही कार्मिकों के प्रशिक्षण पर भी बल दिया जाने लगा तथा उ0प्र0 के कार्मिकों के अतिरिक्त त्रावनकोर, कोचीन, म0प्र0, बिहार, असम आदि के कार्मिकों को भी प्रशिक्षित किया गया।
- दिनांक 01.01.1952 को श्री छत्र पति जोशी द्वारा मेजर चार्ल्स ग्रीग से पुलिस रेडियो सेक्शन का प्रभार प्राप्त किया गया और वे प्रथम भारतीय "प्रोवेन्शियल वायरलेस ऑफिसर" बने।

- श्री जोशी द्वारा नये इलेक्ट्रानिक सर्किट के विकास एवं सहवर्ती उपकर्मिकाओं के निर्माण के लिये Research and development cell स्थापित की एवं त्वरित संचार उपलब्ध कराने हेतु Mobile division प्रारम्भ किया।
- श्री डी0पी0 कोहली, तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक, मध्य भारत के आग्रह पर भिण्ड में कन्ट्रोल रुम की स्थापना व संचालन में मदद के साथ दस्यु उन्मूलन अभियानों में भी मदद की गयी।
- उ0प्र0, म0प्र0 और राजस्थान के क्षेत्रों में दस्यु उन्मूलन अभियानों में प्रयोग किये गये लगभग 100 वायरलेस सेट्स की मदद से दुर्दान्त डकैत मान सिंह एवं गैंग के सदस्यों का शीघ्र खात्मा किया गया।
- कोसीपोर, कलकत्ता, विक्रोली, बाम्बे एवं अवदी, मद्रास में स्थित अमेरिकन आर्मी डिस्पोज़ल डिपो से काफी संख्या में वायरलेस सेट्स एवं अन्य सहवर्ती उपकरण एक आना प्रति डॉलर के मूल्य पर लखनऊ लाये गये जिनकी मदद से कालान्तर में तिब्बती सीमा व अन्य सीमा क्षेत्रों में संचार स्थापित किया गया।
- उ0प्र0 कुम्भ मेला, बाढ़ कन्ट्रोल, शहरों व पेट्रोल कार में पर्याप्त संख्या में वायरलेस सेट लगाने में सफल रहा।
- प्रधान मंत्री, भारत सरकार के जनपदीय भ्रमण के दौरान फ्लीट के वाहनों में वीएचएफ वायरलेस सेट लगाने वाला पहला राज्य उत्तर प्रदेश बना। इस तरह की फ्लीट संचार व्यवस्था की स्थापना हेतु श्री के0एफ0 रुस्तम, सुरक्षा अधिकारी, मा0 प्रधान मंत्री ने अन्य राज्यों से भी अपेक्षा की।
- उ0प्र0 पुलिस रेडियो में एक सेल का गठन किया गया जिसे अनधिकृत रेडियो स्टेशनों द्वारा किये जा रहे संचार को सुनने एवं दिशा का पता लगाने का दायित्व सौंपा गया।




भारतीय स्वतंत्रता के 75वें वर्ष को हर्ष व गर्व पूर्वक मनाने तथा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के संगठनात्मक क्रमिक विकास व थाती से परिचित कराने हेतु शोध एवं अध्ययन के उपरान्त एक लेख श्रृंखला प्रस्तुत की जा रही है। यदि इस सम्बन्ध में किसी अधिकारी/कर्मचारी के पास कोई जानकारी साझा करने योग्य हो तो वह सीधे मुझे भेज सकते हैं।

–सत्य प्रकाश सिंह, उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का नववर्ष-2022 का सन्देश



मुकुल गोयल
आई.पी.एस.

**पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश**
पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग)
गोमती नगर विस्तार, लखनऊ

### नववर्ष संदेश-2022

प्रिय साथियों,

नववर्ष के शुभ आगमन पर मेरी ओर से आप तथा आपके परिवारीजनों को हार्दिक शुभकामनायें। नूतन वर्ष के दिवाकर की रश्मियां आप एवं आपके परिजनों मे सुख–समृद्धि, उल्लास एवं आनन्द का संचार करें।

बीते वर्ष में उत्तर प्रदेश पुलिस ने स्ट्रिक्ट (STRICT), स्मार्ट (SMART) एवं सेन्सिटिव (SENSITIVE) पुलिसिंग करते हुए, उत्कृष्ट परफार्मेन्स (PERFORMANCE) से स्वयं को ट्रान्सफार्म (TRANSFORM) किया है।

उत्तर प्रदेश पुलिस के लिये बड़े सौभाग्य की बात रही कि अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक सम्मेलन–2021 को सम्पन्न कराने का अवसर प्राप्त हुआ। सम्मेलन में मा. प्रधानमंत्री एवं मा. गृहमंत्री, भारत सरकार के साथ–साथ समस्त प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस संस्थानों के निदेशक/प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

शासन द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लखनऊ, गौतमबुद्धनगर की तरह कानपुर नगर व वाराणसी में भी पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू की गयी। उत्तर प्रदेश स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स (UPSSF) का गठन किया गया है। विवेचनाओं के निस्तारण में वैज्ञानिक विधियों के अधिकाधिक समावेश हेतु प्रदेश की राजधानी लखनऊ में यू.पी. स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज की स्थापना की गयी है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने संगठित अपराध व माफिया का सफाया करते हुये सेवा और समर्पण का अप्रतिम इतिहास स्थापित किया है। अपराधियों के प्रति "जीरो टालरेंस की नीति" एवं कठोरतम कार्यवाही करने के फलस्वरूप सभी महत्वपूर्ण अपराधों में भारी कमी आयी है। यह उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में समस्त अपराधों विशेषतया महिला संबंधी अपराधों में शत–प्रतिशत अपराधों का पंजीकरण किया गया।

महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मा. मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशन में चलाये जा रहे 'मिशन–शक्ति' अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक थाने पर 'महिला हेल्प डेस्क', साईबर थानों में 'महिला साईबर सेल' स्थापित कर, 10,370 बीट में 20,000 से अधिक महिला आरक्षियों को बीट अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। एण्टी रोमियों स्कवाड को और सक्रिय कर, चिन्हित हाट–स्पाट पर यूपी–112 की सघन पेट्रोलिंग से महिला सुरक्षा हेतु एक सुरक्षित ईको सिस्टम तैयार किया गया है। महिलाओं के लिये स्थापित हेल्पलाइन 1090 को उच्चीकृत कर एक अत्याधुनिक Data analytics एवं Forensics Centre की स्थापना की गयी, जिसके द्वारा साइबर बुलिंग के केस मे प्रभावी नियत्रंण लाया गया है।

पूर्व से स्थापित साईबर क्राइम इन्फ्रास्टक्चर को और सुदृढ़ करते हुए प्रत्येक थाने में साईबर हेल्प डेस्क़ की स्थापना की गयी है जिसमें पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त पुलिस कर्मियों की तैनाती की गयी है। नेशनल फाइनेंशियल साईबर क्राइम हेल्प लाइन 155260 को 112 से इन्टीग्रेट कर इसे 24x7 कार्यरत करना भी साईबर क्राइम क्षेत्र में यूपी पुलिस की बड़ी उपलब्धि है। इन समस्त उपायों से उत्तर प्रदेश में साईबर क्राइम पीड़ितों को बहुत राहत मिली है।

सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जैसे ट्विटर, फेसबुक, व्हाटएप आदि के माध्यम से छोटी से छोटी जनशिकायत का समाधान एवं निरन्तर जनसंवाद द्वारा यूपी पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जनसामान्य का विश्वास अर्जित किया है। सोशल मीडिया के जरिये फैलने वाली अफवाहों पर नियंत्रण स्थापित कर ऐसे तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की गयी है। पुलिस चौकी स्तर तक सोशल मीडिया के डिजिटल वालंटियर्स के नेटवर्क ने भी अफवाहों के त्वरित खंडन करते हुये कानून व्यवस्था बनाये रखी है। वर्तमान समय में उ.प्र. पुलिस ट्विटर हैण्डल के 02 मिलियन फॉलोवर्स हो चुके हैं, जो देश में दूसरे स्थान पर है।

गैंगेस्टर अधिनियम की धारा 14(1) के अन्तर्गत आपराधिक कृत्य से अर्जित की गयी लगभग 1930 करोड़ रूपये से अधिक की चल/अचल अवैध सम्पत्तियों पर शिकंजा करते हुए सरकारी जमीन अवमुक्त कराने, अवैध कब्जे के ध्वस्तीकरण एवं जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। पुलिस द्वारा की गयी वैधानिक आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में 01 लाख रू0 के 13 एवं 50 हजार रू0 के 48 पुरस्कार घोषित अपराधी गिरफ्तार किये गये है।

कानून–व्यवस्था की स्थिति को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नये थानों, पुलिस चौकियों तथा बैरिकों की स्थापना वृहद स्तर पर की गई है। प्रदेश में विभिन्न प्रकार के 26 नये थानों/ चौकियों की स्थापना की गई है। इनमें 01 महिला थाना, 14 थाना व 11 पुलिस चौकियां है। विगत वर्ष पुलिस विभाग में 52317 भर्तियां विभिन्न पदों पर की गयी है। साथ ही लगभग 22526 राजपत्रित/ अराजपत्रित कार्मिकों को विभिन्न पदों पर पदोन्नतियाँ प्रदान की गयी है तथा विभिन्न पदों पर 42362 सीधी भर्ती की प्रक्रिया प्रचलित है।

पुलिस कर्मियों द्वारा कोरोना वॉरीयर्स के रूप में अभूतपूर्व परिश्रम कर सरकारी नियमों का अनुपालन कराते हुये जिस तत्परता एवं दृढ़ता का परिचय दिया गया है उसकी सर्वत्र प्रशंसा हुई है। मैं सभी पुलिस कर्मियों से वर्ष–2022 में कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन कर स्वयं को सुरक्षित रखते हुये जनता में भी कोविड नियमों का अनुपालन कराने की अपील करता हूं।

यूपी पुलिस द्वारा तैयार किये गये सुरक्षा के अभूतपूर्व वातावरण से निवेशकों में विश्वास का संचार हुआ है जिससे वर्ष 2020–21 में उत्तर प्रदेश को देश में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का गौरव प्राप्त हुआ है।

आगामी विधान सभा चुनाव 2022 में कानून–व्यवस्था को बनाये रखना बड़ी चुनौती होगी। विधान सभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने के साथ ही अतिविशिष्ट/विशिष्ट महानुभावों की सुरक्षा तथा उनके कार्यक्रमो को सकुशल सम्पन्न कराना हमारी प्राथमिकता है। अंततः मै यह कहना चाहूंगा कि आमजन के प्रति संवेदनशीलता बनाये रखते हुए उसे राहत पहुंचाना हमारी प्राथमिकताओं में सदैव बने रहना चाहिए, हमें अपना व्यवहार और अधिक शिष्ट एवं विन्रम बनाना होगा। नववर्ष की इस बेला पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, मनोयोग एवं ईमानदारी के साथ करेंगे, जिससे पुलिस की छवि जन सहयोगी के रूप में परिलक्षित हो। मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप अपनी कर्तव्यनिष्ठता, ईमानदारी व उत्कृष्ट व्यवसायिक दक्षता से प्रदेश पुलिस का नाम रोशन करेंगे।

मैं एक बार पुनः आप तथा आपके परिवार के लिये नये वर्ष में सुख समृद्धि एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूँ।

जय हिन्द!

( मुकुल गोयल )
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।